# वीर कुवर सिंह

---

Question 1.
कुँवर सिंह का जन्म कब और कहाँ हुआ?
(a) बिहार के जगदीशपुर में सन् 1782 में
(b) बिहार के जगदीश एर में सन् 1882 में
(c) उ.प्र. के मेरठ जिले में सन् 1782 में
(d) म.प्र. के ग्वालियर में सन् 1882 में

▼ Answer

Answer: (a) बिहार के जगदीशपुर में सन् 1782 में

---

Question 2.
कुंवर सिंह ने रियासत की जिम्मेदारी कब संभाली?
(a) 1787 में
(b) 1808 में
(c) 1832 में
(d) 1827 में

▼ Answer

Answer: (d) 1827 में

---

Question 3.
प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से पहले कौन से बाबा ने भारतीयों में देशभक्ति की भावना फूंकी?
(a) देवरिया बाबा
(b) रामदेव
(c) बसुरिया बाबा
(d) पीर बाबा

▼ Answer

Answer: (c) बसुरिया बाबा

---

Question 4.
कुंवर सिंह की मृत्यु कब हुई?
(a) 26 अगस्त, 1858 को
(b) 26 अप्रैल, 1858 को
(c) 10 अगस्त, 1857 को
(d) 26 अगस्त, 1857 को

▼ Answer

Answer: (b) 26 अप्रैल, 1858 को

---

Question 5.
किस अंग्रेज सेनापति के साथ कुँवर सिंह का मुकाबला हुआ था?

(a) सेनापति 'डगलस
(b) कर्नल हंट
(c) कर्नल रावर्ट
(d) लेफ्टिनेंट जोजफ

▼ Answer

Answer: (a) सेनापति 'डगलस

---

Question 6.
विद्रोहियों ने दिल्ली पर कब्जा कब किया?
(a) 10 मई, 1857 को
(b) 11 मई, 1857 को
(c) 8 अप्रैल, 1857 को
(d) 11 जनू, 1857 को

▼ Answer

Answer: (b) 11 मई, 1857 को

---

Question 7.
मंगल पांडे को फाँसी कब दी गई?
(a) 10 मई, 1857 को
(b) 8 मई, 1942 को
(c) 8 अप्रैल, 1958 को
(d) 8 अप्रैल, 1957 को

▼ Answer

Answer: (d) 8 अप्रैल, 1957 को

---

Question 8.
मंगल पांडे को फाँसी क्यों दी गई?
(a) एक कत्ल के आरोप में
(b) देशद्रोह के आरोप में
(c) अंग्रेजों से बगावत के कारण
(d) सेना से भागने के कारण

▼ Answer

Answer: (c) अंग्रेजों से बगावत के कारण

---

Question 9.
वीर कुंवर सिंह ने किस संग्राम में भाग लिया?
(a) 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में
(b) भारत छोड़ो आंदोलन में
(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन में
(d) 1942 के विश्व युद्ध में

▼ Answer

Answer: (a) 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में

---

Question 10.
'वीर कुंवर सिंह' पाठ निम्न में से क्या है?
(a) कहानी
(b) जीवनी
(c) निबंध
(d) नाटक

▼ Answer

Answer: (b) जीवनी

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न-निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए

1. सन् 1857 के व्यापक सशस्त्र-विद्रोह ने भारत में ब्रिटिश शासन की जड़ों को हिला दिया। भारत में ब्रिटिश शासन ने जिस दमन नीति को आरंभ किया, उसके विरुद्ध विद्रोह शुरू हो गया था। मार्च, 1857 में बैरकपुर में अंग्रेजों के विरुद्ध बगावत करने पर मंगल पांडे को 8 अप्रैल, 1857 को फाँसी दे दी गई। 10 मई, 1857 को मेरठ में भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश अधिकारियों के विरुद्ध आंदोलन किया और सीधे दिल्ली की ओर कूच कर गए। दिल्ली में तैनात सैनिकों के साथ मिलकर 11 मई को उन्होंने दिल्ली पर कब्जा कर लिया और अंतिम मुगल शासक बहादुरशाह ज़फर को भारत का शासक घोषित कर दिया। यह विद्रोह जंगल की आग की भाँति दूर-दूर तक फैल गया। कई महीनों तक उत्तरी और मध्य भारत के विस्तृत भूभाग पर विद्रोहियों का कब्जा रहा।।

Question 1.
किस विद्रोह ने ब्रिटिश शासन की जड़ों को हिला दिया?
(a) 1942 के विद्रोह ने
(b) 1857 के सशस्त्र विद्रोह ने
(c) प्रथम विश्व युद्ध ने
(d) द्वितीय विश्व युद्ध ने

▼ Answer

Answer: (b) 1857 के सशस्त्र विद्रोह ने

---

Question 2.
मंगल पांडे को फाँसी की सजा क्यों दी गई?
(a) असहयोग आंदोलन में भाग लेने पर
(b) अंग्रेजों का साथ ने देने पर
(c) अंग्रेजों के विरुद्ध बगावत करने पर
(d) सेना का साथ छोड़ने पर

▼ Answer

Answer: (c) अंग्रेजों के विरुद्ध बगावत करने पर

---

Question 3.
भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश अधिकारियों के विरुद्ध आंदोलन कब किया?
(a) 10 मई सन् 1857 को
(b) 11 मई सन् 1857 को

(c) 8 अप्रैल सन् 1857 को
(d) 26 जनवरी सन् 1930 को

▼ Answer

Answer: (a) 10 मई सन् 1857 को

---

Question 4.
अंतिम मुगल बादशाह कौन थे?
(a) औरंगजेब
(b) शाहजहाँ
(c) बदादुरशाह जफ़र
(d) जहाँगीर

▼ Answer

Answer: (c) बदादुरशाह जफ़र

---

Question 5.
बहादुरशाह जफ़र को गद्दी पर कब बैठाया गया?
(a) 10 मई, 1857 को
(b) 8 अप्रैल, 1857 को
(c) 26 जनवरी, 1857 को
(d) 11 मई, 1857 को

▼ Answer

Answer: (d) 11 मई, 1857 को

---

2. जगदीशपुर के जंगलों में 'बसुरिया बाबा' नाम के एक सिद्ध संत रहते थे। उन्होंने ही कुँवर सिंह में देशभक्ति एवं स्वाधीनता की भावना उत्पन्न की थी। उन्होंने बनारस, मथुरा, कानपुर, लखनऊ आदि स्थानों पर जाकर विद्रोह की सक्रिय योजनाएँ बनाईं। वे 1845 से 1846 तक काफी सक्रिय रहे और गुप्त ढंग से ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की योजना बनाते रहे। उन्होंने बिहार के प्रसिद्ध सोनपुर मेले को अपनी गुप्त बैठकों की योजना के लिए चुना। सोनपुर के मेले को एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता है। यह मेला कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगता है। यह हाथियों के क्रय-विक्रय के लिए भी विख्यात है। इसी ऐतिहासिक मेले में उन दिनों स्वाधीनता के लिए लोग एकत्र होकर क्रांति के बारे में योजना बनाते थे।

Question 1.
'बंसुरिया बाबा' कहाँ रहते थे?
(a) जगदीशपुर के जंगल में
(b) हिमालय की कंदराओं में
(c) सतपुड़ा के जंगलों में
(d) गंगा नदी के खादर में

▼ Answer

Answer: (a) जगदीशपुर के जंगल में

---

Question 2.
कुंवर सिंह के हृदय में स्वाधीनता की भावना किसने उत्पन्न की?
(a) उनकी माँ ने
(b) उनके पिता ने

(c) उनके गुरु ने
(d) बंसुरिया बाबा ने

▼ Answer

Answer: (d) बंसुरिया बाबा ने

---

Question 3.
बंसुरिया बाबा ने अपनी गुप्त बैठकों के लिए क्या राजनीति बनाई?
(a) वे सबसे अकेले जाकर मिलते थे
(b) गुप्त बैठकों के लिए उन्होंने सोनपुर के पशु मेले को चुना
(c) उन्होंने जंगल में आश्रय बनाए हुए थे जहाँ लोग आकर मिलते थे
(d) वे विभिन्न प्रतीकों के माध्यम से अपना संदेश देते थे

▼ Answer

Answer: (b) गुप्त बैठकों के लिए उन्होंने सोनपुर के पशु मेले को चुना

---

Question 4.
सोनपुर में पशु मेले का आयोजन कब होता है?
(a) फागुन के महीने में
(b) जेठ के महीने में
(c) बैसाख़ में
(d) कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर

▼ Answer

Answer: (d) कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर

---

Question 5.
सोनपुर मेला किस पुश के क्रय-विक्रय के लिए विख्यात है?
(a) घोड़ों के लिए
(b) ऊँटों के लिए
(c) हाथियों के लिए
(d) बैलों के लिए

▼ Answer

Answer: (c) हाथियों के लिए

---

3. दानापुर और आरा की इस लड़ाई की ज्वाला बिहार में सर्वत्र व्याप्त हो गई थी। लेकिन देशी सैनिकों में अनुशासन की कमी, स्थानीय जमींदारों को अंग्रेजों के साथ सहयोग करना एवं आधुनिकतम शस्त्रों की कमी के कारण जगदीशपुर का पतन रोका न जा सका। 13 अगस्त को जगदीशपुर में कुंवर सिंह की सेना अंग्रेजों से परास्त हो गई। किंतु इससे वीरवर कुँवर सिंह का आत्मबल टूटा नहीं और वे भावी संग्राम की योजना बनाने में तत्पर हो गए। वे क्रांति के अन्य संचालक नेताओं से मिलकर इस आजादी की लड़ाई को आगे बढ़ाना चाहते थे। कुँवर सिंह सासाराम से मिर्जापुर होते हुए रीवा, कालपी, कानपुर एवं लखनऊ तक गए। लखनऊ में शांति नहीं थी, इसलिए बाबू कुंवर सिंह ने आजमगढ़ की ओर प्रस्थान किया। उन्होंने आजादी की इस आग को बराबर जलाए रखा। उनकी वीरता की कीर्ति पूरे उत्तर भारत में फैल गई। कुँवर सिंह की इस विजय यात्रा से अंग्रेजों के होश उड़ गए। कई स्थानों के सैनिक एवं राजा कुँवर सिंह की अधीनता में लड़े। उनकी यह आजादी की यात्रा आगे बढ़ती रही, लोग शामिल होते गए और उनकी अगुवाई में लड़ते रहे। इस प्रकार ग्वालियर, जबलपुर के सैनिकों के सहयोग से सफल सैन्य रणनीति का प्रदर्शन करते हुए वे लखनऊ पहुंचे।

Question 1.
जगदीशपुर के पतन के क्या कारण थे?
(a) देशी सैनिकों के अनुशासन में कमी
(b) जमींदारों का असहयोग
(c) आधुनिकतम शस्त्रों की कमी
(d) उपर्युक्त सभी

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी

---

Question 2.
कुंवर सिंह हार के बाद कहाँ पहुँचे?
(a) आजमगढ़
(b) लखनऊ
(c) कानपुर
(d) मिर्जापुर

▼ Answer

Answer: (a) आजमगढ़

---

Question 3.
'ज्वाला' शब्द का पर्याय होगा
(a) अनिल
(b) मारुत
(c) अनल
(d) वारिद

▼ Answer

Answer: (c) अनल

---

Question 4.
'अधीनता' का विलोप होगा
(a) स्वाधीनता
(b) अनधीनता
(c) पराधीनता
(d) स्वतंत्रता

▼ Answer

Answer: (b) अनधीनता

---

Question 5.
'जमींदार' का विशेषण गद्यांश से छाँटकर लिखिए।
(a) स्थानीय
(b) परास्त
(c) संचालक
(d) वीरवर

▼ Answer

Answer: (a) स्थानीय

---